: 0751-2446200 कार्यालय
: 0751-2373301 फैक्स
: 0751-2446300 निवास
: 0751-2345601 फैक्स
Website : http://www.gwalior.nic.in
E-mail : dmgwalior@mp.nic.in

# कार्यालय कलेक्टर, जिला ग्वालियर ( म. प्र. )

ओहदपुर, सिरोल रोड, ग्वालियर पिन-474 006

प्रकरण क्रमांक–0005/अ–19(3)/2020–21/न0अ0/घाटीगांव ग्वालियर,दिनांक 07-दिसम्बर 2020

// आदेश //

(पारित आदेश 07/12/20)

(राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड–चार क्रमांक–1 कंडिका–36 के अंतर्गत)

-----0000-----

प्रकरण का सारांश इस प्रकार है कि अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग पथ उप संभाग ग्वालियर द्वारा पत्र क्रमाकं–414/रोड/फोरेस्ट दिनांक 13.7.2020 से तहसीलदार घाटीगांव जिला ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर अनुरोध किया है कि ग्वालियर एंव मोहना जिले के अंतर्गत सिकरावली से धौवनी मार्ग लम्बाई 8.00 कि.मी. का कुल 4.52 कि.मी. भाग वन क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिसमें कार्य करने की अनुमति हेतु कलेक्टर जिला ग्वालियर द्वारा कुल रकवा 2.98 है0 भूमि हेतु वन अधिकार पत्र जारी किया गया है, जिसके समतुल्य भूमि वन विभाग को हस्तांतरित किये जाने का निवेदन किया है।

प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी/नजूल अधिकारी घाटीगांव एंव तहसीलदार तहसील घाटीगांव के प्रस्ताव से सहमत होते हुये ग्राम–आरोन सर्वे क्रमांक–653 रकवा 7.231 है0 मेसे 2.980 है0 भूमि को वन विभाग को हस्तांतरित किये जाने हेतु म0प्र0शासन, राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के परिपत्र क्रमांक– एफ 6–75–2019 –सात/ शाखा.3 भोपाल दिनांक 24.9.2020 के पालन में गठित जिला नजूल निर्वतन समिति सदस्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नजूल निर्वतन समिति ग्वालियर, सदस्य सचिव अपर कलेक्टर नजूल निर्वतन समिति ग्वालियर, सदस्य सचिव नजूल अधिकारी नजूल निर्वतन समिति ग्वालियर, सदस्य जिला पंजीयक मुद्रांक एंव पंजीयन नजूल निर्वतन समिति ग्वालियर द्वारा ग्राम आरोन सर्वे क्रमांक–653 रकवा 7.231 है0 मेसे 2.980 है0 भूमि म0प्र0शासन,वन विभाग को हस्तांतरित किये जाने हेतु अनुशंसा की गयी है।

सचिव,ग्राम पंचायत आरोन जनपद पंचायत घाटीगांव बरई जिला ग्वालियर द्वारा ठहराव प्रस्ताव क्रमांक–4 दिनांक 17.8.2020 से भूमि सर्वे क्रमांक–653 रकवा 7.231 है0 मेसे 2.980 है0 भूमि को वन विभाग को हस्तांतरित किये जाने की अनुशंसा की गयी है।

न्यायालय तहसीलदार तहसील घाटीगांव द्वारा इश्तहार जारी किया गया है। नियत दिनांक तक कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।

अतः गठित जिला नजूल निर्वतन समिति ग्वालियर द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव से सहमत होते हुये, राजस्व पुस्तक परिपत्र चार–1 की कंडिका–36 एंव म0प्र0शासन, राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के परिपत्र क्रमांक– एफ 6–75–2019–सात/शाखा.3 भोपाल दिनांक 24.9.2020 तथा म0प्र0राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा प्रसारित परिपत्र क्रमांक–एफ/6–53/सात/नजूल/99 दिनांक 27.1.04 द्वारा प्रत्यायोजित अधिकारों को उपयोग मे लाते हुये ग्राम आरोन की भूमि सर्वे क्रमांक–653 रकवा 7.231 है0 मेसे 2.980 है0 भूमि म0प्र0शासन वन विभाग को निम्न शर्तो के अधीन भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान की जाती है :–

1– आबंटित भूमि का आवेदित प्रयोजन के अलावा अन्य उपयोग नही होगा, अन्यथा अनाधिकृत कब्जेदार मानकर भूमि शासन में निहित कर ली जावेगी ।

क्रमशः––02

Scanned with CamScanner

2– आबंटित भूमि कभी भी उक्त प्रयोजन के लिये उपयोग नही होती है तो भूमि तथा उस पर निर्मित भवनों सम्पत्तियों के साथ शासन में निहित हो जावेगी। आबंटिती को उसका मुआवजा देय नही होगा।

3– भूमि के किसी भी उपयोग या इस पर किसी भी निर्माण के पूर्व सभी आवश्यक अनुमतियां अनुमोदन एंव की अनापत्तियां संबंधित स्थानीय संस्थाओं नगर निगम तथा नगर तथा ग्राम निवेश से आबंटित लेना होगी तथा मास्टर प्लान व पर्यावरण संरक्षण अधिनियम संबंधी प्रावधानों अन्य विधिक अनुमतियां जो आवश्यक हो आदि को प्राप्त करना होगा व उनकी शर्तो का पूर्ण पालन करना होगा ।

4– शासन के प्रतिनिधि अधिकृत व्यक्ति तथा जिला कलेक्टर या उसके अधिकृत प्रतिनिधि को भूमि के सही उपयोग व शर्तो के पालन का परीक्षण करने के लिये कभी भी भूमि तथा उस पर निर्मित परिसर के निरीक्षण का अधिकार होगा ।

(कौशलेन्द्र विक्रम सिंह)
कलेक्टर,
जिला–ग्वालियर

पृष्ठा. प्रकरण कमांक–0005/अ–19(3)/2020–21/न0अ0/घाटीगांव ग्वालियर,दिनांक दिसम्बर 2020
प्रतिलिपि–

1– प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।
2– प्रमुख राजस्व आयुक्त भोपाल मध्यप्रदेश।
3– आयुक्त ग्वालियर संभाग ग्वालियर ।
4– वनसंरक्षक सामान्य वन मण्डल ग्वालियर एंव पदेन वन मण्डलाधिकारी ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
5– अनुविभागीय अधिकारी/नजूल अधिकारी घाटीगांव की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
6– अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उप संभाग ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
7– तहसीलदार तहसील घाटीगांव जिला ग्वालियर की ओर भेजकर लेख है कि प्रश्नाधीन भूमि का आदेशानुसार राजस्व अभिलेख मे अमल कर भूमि का कब्जा सौपकर खसरे की प्रति एवं कब्जा रसीद इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करे।

कलेक्टर,
जिला–ग्वालियर

Scanned with CamScanner